# अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन

(विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत एक शीर्ष निकाय के रूप में स्थापित)

(संख्या: एएनआरएफ/भर्ती/01/2026)

## <u>विज्ञापन सूचना संख्या 01/2026</u>

**अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ)** निम्नलिखित पदों को नीचे दिए गए विवरणानुसार भरने हेतु आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्रम सं. | पदनाम | वेतनमान | पदों की संख्या | भर्ती का माध्यम |
|---|---|---|---|---|
| (i) | मुख्य परिचालन अधिकारी | पे मैट्रिक्स (₹182200-224100) में लेवल -15 | 01 | प्रतिनियुक्ति जिसमें अल्पकालिक अनुबंध शामिल या मुक्त बाजार के माध्यम से संविदात्मक नियुक्ति। |
| (ii) | मुख्य वित्त अधिकारी | पे मैट्रिक्स (₹144200-218200) में लेवल -14 | 01 | प्रतिनियुक्ति जिसमें अल्पकालिक अनुबंध शामिल। |

**2. पदों के लिए पात्रता मानदंड एवं अन्य विवरण निम्नानुसार दिए गए हैं:**

| क्रम सं. | पदनाम | पात्रता मानदंड |
|---|---|---|
| (i) | **मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ)**<br><br>पे मैट्रिक्स (₹182200-224100) में लेवल -15 | **मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) के पद के लिए आवश्यक शैक्षिक तथा अन्य योग्यताएँ:**<br>**1. प्रतिनियुक्ति:** केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान या विश्वविद्यालय या अर्द्ध-सरकारी या सांविधिक या स्वायत्त संगठन के अधिकारी, -<br>जो वेतन मैट्रिक्स (₹144200 – 218200) के लेवल-14 या समकक्ष में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् उस ग्रेड में कम से कम तीन वर्ष की नियमित सेवा कर चुके हों।<br><br>(1) <u>अनिवार्य योग्यताएँ:</u><br>(क) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से अभियांत्रिकी, विज्ञान, प्रौद्योगिकी या संबद्ध विषयों में स्नातकोत्तर डिग्री धारित करते हों; तथा<br>(ख) उपर्युक्त खंड (क) में उल्लिखित योग्यता प्राप्त करने के पश्चात् पंद्रह वर्ष का अनुभव रखते हों, जिसमें अनुसंधान प्रशासन, सरकारी कार्यक्रमों, नवाचार प्रबंधन, सार्वजनिक क्षेत्र परिचालन या मिशन-उन्मुख पहलों से संबंधित भूमिकाओं में कार्य किया हो तथा निम्नलिखित में से एक या अधिक क्षेत्रों में विशिष्ट अनुभव हो, अर्थात्:-<br>(i) विज्ञान, प्रौद्योगिकी या सार्वजनिक सेवा में बड़े पैमाने के कार्यक्रमों का प्रबंधन,<br>(ii) अनुसंधान, नवाचार या प्रौद्योगिकी-प्रेरित पहलों का समर्थन, और |

(iii) अंतः-एजेंसी समन्वय या सहयोगात्मक सार्वजनिक-निजी परियोजनाओं को सुगम बनाना;

(ग) सशक्त संचार एवं समन्वय कौशल, तथा सरकार, अकादमिक क्षेत्र और उद्योग के विविध हितधारकों के साथ कार्य करने की क्षमता।

(2). <u>वांछनीय योग्यताएँ:</u>
(घ) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर डिग्री धारित करते हों।

टिप्पणी 1.- प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें इसी या किसी अन्य संगठन या केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पूर्व धारित अन्य एक्स-कैडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी सम्मिलित है, सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

टिप्पणी 2.- **प्रतिनियुक्ति सहित अल्पकालिक अनुबंध द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।**

**2. मुक्त बाजार के माध्यम से संविदात्मक नियुक्ति :**

उपर्युक्त बिंदु 1 के अंतर्गत न आने वाले व्यक्ति के लिए मुक्त बाजार के माध्यम से संविदात्मक नियुक्ति द्वारा भर्ती के मानदंड निम्नानुसार होंगे :

<u>(1) अनिवार्य योग्यताएँ:</u>
(क) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से अभियांत्रिकी, विज्ञान, प्रौद्योगिकी या संबद्ध विषयों में स्नातकोत्तर डिग्री धारित करते हों; तथा
(ख) उपर्युक्त खंड (क) में उल्लिखित योग्यता प्राप्त करने के पश्चात् पंद्रह वर्ष का अनुभव, जिसमें उद्योग या निजी क्षेत्र या विदेशी संस्थानों या गैर-सरकारी संगठन में अनुसंधान प्रशासन, सरकारी कार्यक्रमों, नवाचार प्रबंधन, सार्वजनिक क्षेत्र परिचालन या मिशन-उन्मुख पहलों से संबंधित भूमिकाओं में कार्य किया हो तथा निम्नलिखित में से एक या अधिक क्षेत्रों में विशिष्ट अनुभव हो, अर्थात्:-

(i) विज्ञान, प्रौद्योगिकी या सार्वजनिक सेवा में बड़े पैमाने के कार्यक्रमों का प्रबंधन,
(ii) अनुसंधान, नवाचार या प्रौद्योगिकी-प्रेरित पहलों का समर्थन, और
(iii) अंतः-एजेंसी समन्वय या सहयोगात्मक सार्वजनिक-निजी परियोजनाओं को सुगम बनाना;

ग) सशक्त संचार एवं समन्वय कौशल, तथा सरकार, अकादमिक क्षेत्र और उद्योग के विविध हितधारकों के साथ कार्य करने की क्षमता।

<u>(2) वांछनीय योग्यताएँ:</u>
(घ) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर डिग्री धारित करना।

| | | |
|---|---|---|
| | | (3) कार्यकाल पदभार ग्रहण की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए होगा, तथा समय-समय पर निर्धारित की जाने वाली शर्तों एवं नियमों के अधीन पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र होगा।<br><br>(4) उद्योग या निजी क्षेत्र या विदेशी संस्थानों या गैर-सरकारी संगठन से, या प्रतिनियुक्ति सहित अल्पकालिक अनुबंध के अंतर्गत न आने वाले किसी अन्य व्यक्ति को मुख्य परिचालन अधिकारी के रूप में नियुक्त किए जाने पर, वेतन मैट्रिक्स के लेवल-15 के अनुरूप देय वेतनमान के स्तर पर लागू वेतन एवं भत्ते तथा उस वेतनमान पर अनुमन्य समस्त लाभ प्रदान किए जाएंगे।<br>(5) **मुक्त बाजार के माध्यम से संविदात्मक नियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार अट्ठावन वर्ष से अधिक नहीं होगी।** |
| (ii) | **मुख्य वित्त अधिकारी**<br><br>पे मैट्रिक्स (₹144200-218200) में लेवल -14 | **मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) के पद के लिए आवश्यक शैक्षिक तथा अन्य योग्यताएँ:**<br><br>**प्रतिनियुक्ति सहित अल्पकालिक अनुबंध:** केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान या विश्वविद्यालय या अर्द्ध-सरकारी या सांविधिक या स्वायत्त संगठन के अधिकारी, जो –<br>(क) (i) मूल कैडर या विभाग में नियमित आधार पर समकक्ष पद धारण किए हुए हों; या<br>(ii) वेतन मैट्रिक्स (₹131100 - 216600) के लेवल-13A या समकक्ष में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् उस ग्रेड में दो वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण की हो; या<br>(iii) वेतन मैट्रिक्स के लेवल-13 (₹1,23,100 – 2,15,900) या समकक्ष में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् उस ग्रेड में तीन वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण की हो; तथा<br><br>**अनिवार्य योग्यताएँ:-**<br>(ख) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से वाणिज्य या वित्त में स्नातक डिग्री धारित करते हों; तथा<br>(ग) उपर्युक्त खंड (ख) में उल्लिखित योग्यता प्राप्त करने के पश्चात् वित्त, लेखा एवं प्रशासन के क्षेत्र में बारह वर्ष का अनुभव रखते हों, और साथ में वित्तीय विधियों, कराधान, लेखांकन मानकों तथा विनियामक ढाँचों का ज्ञान एवं अनुभव हो।<br><br>**वांछनीय योग्यताएँ:-**<br>(घ) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से वित्त, लेखांकन, लोक वित्त प्रबंधन या संबद्ध विषयों में स्नातकोत्तर डिग्री धारित करते हों; तथा<br>टिप्पणी 1.- प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें इसी या किसी अन्य संगठन या केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पूर्व धारित अन्य एक्स-कैडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी सम्मिलित है, सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। |

| | | |
|---|---|---|
| | | टिप्पणी 2.- **प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।** |

**सामान्य निर्देश:**

1. एएनआरएफ किसी भी समय बिना कोई कारण बताए भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

2. आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए।

3. (i) निर्धारित अनिवार्य योग्यताएँ न्यूनतम हैं और केवल उनका धारक होना अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने का अधिकार प्रदान नहीं करता।

   (ii) आवेदन पत्रों की प्रोसेसिंग: एएनआरएफ, आवेदनों में उपलब्ध कराई गई जानकारी/विवरण के आधार पर, आंतरिक शॉर्टलिस्टिंग प्रक्रिया के माध्यम से साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या को युक्तिसंगत सीमा तक सीमित कर सकता है, अर्थात् आवेदनों की जाँच हेतु एक स्क्रीनिंग समिति गठित कर, एएनआरएफ की आवश्यकता के अनुसार साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों की संख्या सीमित की जा सकती है। पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं होगी।

   (iii) अभ्यर्थियों के जीवन-वृत्त (सीवी) की जाँच सक्षम चयन समिति द्वारा, जैसा कि भर्ती नियमों में निर्दिष्ट है, साक्षात्कार हेतु शॉर्टलिस्टिंग के लिए की जाएगी तथा चयन एएनआरएफ की आवश्यकता एवं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए उपयुक्तता और बेहतर अभ्यर्थी की उपलब्धता के आधार पर किया जाएगा। साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने से पूर्व अभ्यर्थी की उपयुक्तता का निर्धारण समिति द्वारा अभ्यर्थी के अनुभव की गुणवत्ता एवं प्रकृति तथा एएनआरएफ की विशिष्ट कार्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा।

   (iv) साक्षात्कार हेतु बुलाए गए अभ्यर्थियों में से एक पैनल तैयार किया जाएगा, जो परिणाम घोषित होने की तिथि से बारह माह (एक वर्ष) तक वैध रहेगा। यह पैनल, पैनल की वैधता अवधि तक, त्यागपत्र/प्रतिनियोजन समाप्ति आदि के कारण उत्पन्न रिक्तियों को भरने हेतु उपयोग किया जा सकता है। साक्षात्कार हेतु न बुलाए गए / नियुक्ति हेतु चयनित न किए गए अभ्यर्थियों से किसी प्रकार का पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

4. प्रत्याशित अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे एएनआरएफ की वेबसाइट https://anrf.gov.in नियमित रूप से देखें। भर्ती प्रक्रिया से संबंधित कोई भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र या अद्यतन केवल इसी वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

आवेदन पत्रों की प्रोसेसिंग:

**5. किसी भी रूप में सिफारिश लगाने पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी को अयोग्य कर दिया जाएगा।**

6. चयनित अभ्यर्थी को सरकारी आवश्यकता के अनुसार भारत में कहीं भी नियुक्त किया जा सकता है।

7. नियुक्ति की शर्तें एएनआरएफ के भर्ती नियमों तथा समय-समय पर संशोधित भारत सरकार के संबंधित दिशानिर्देशों के अनुसार होंगी।

8. पद हेतु चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति की औपचारिकताएँ पूर्ण होते ही यथाशीघ्र कार्यभार ग्रहण करना होगा।

**9. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरना:**

**आवेदन कैसे करें:** आवेदन प्रक्रिया निम्नलिखित चरणों में होगी:

**ऑनलाइन आवेदन पत्र भरना:**

I. पात्र अभ्यर्थियों को केवल ऑनलाइन माध्यम से निम्नलिखित पोर्टल https://recruitment.anrf.gov.in पर वैध ईमेल आईडी का उपयोग करते हुए आवेदन भरकर प्रस्तुत करना होगा। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे तथा सीधे निरस्त कर दिए जाएंगे। यह ऑनलाइन पोर्टल रोजगार समाचार में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से सैंतीस (37) दिनों की अवधि तक उपलब्ध रहेगा। अभ्यर्थियों को संबंधित

प्रमाणपत्र/दस्तावेज अपलोड करना भी आवश्यक होगा। आवेदन पत्र भरने से पूर्व अभ्यर्थियों को निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए। आवेदन भरते समय निर्देशों का पालन करना तथा स्पष्ट एवं पठनीय प्रमाणपत्र/दस्तावेज अपलोड करना अभ्यर्थियों की जिम्मेदारी है। अपठनीय/त्रुटिपूर्ण प्रमाणपत्र/दस्तावेज अपलोड करने पर अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकती है। आवेदन की हार्ड कॉपी को अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है।

II. टिप्पणी: कार्य/शोध कार्य के अनुभव/नियोजन प्रमाणपत्रों में नियुक्ति की तिथि, कार्यमुक्ति की तिथि, धारित पद तथा अनुभव का क्षेत्र स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए।

III. सरकारी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों/स्वायत्त संगठनों/विश्वविद्यालयों/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों में कार्यरत अभ्यर्थियों को, जिस संगठन में वे कार्यरत हैं, वहाँ के सक्षम प्राधिकारी से निर्धारित प्रारूप (परिशिष्ट-1) में अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) अपलोड करना होगा। ऐसे अभ्यर्थियों की यह जिम्मेदारी होगी कि वे समय पर अपने विभाग/संगठन से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त कर पोर्टल पर अपलोड करें। साक्षात्कार के समय नियोक्ता से पिछले पाँच वर्षों की सत्यापित एपीएआर की प्रतियाँ प्रस्तुत करनी होंगी।

IV. शैक्षिक योग्यता, जन्म तिथि एवं अनुभव के समर्थन में प्रमाणपत्रों की प्रतियाँ आवेदन के साथ अपलोड करनी होंगी। अभ्यर्थियों को आवश्यकता पड़ने पर मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने होंगे।

V. आवेदन पत्र के साथ अपलोड किए जाने वाले सभी दस्तावेज तथा अभ्यर्थी का फोटोग्राफ स्वयं-सत्यापित होना चाहिए।

**10**. अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय सत्यापन हेतु आवेदन में उल्लिखित मूल प्रमाणपत्र, अनापत्ति प्रमाणपत्र अथवा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

**11**. **आयु सीमा:** आयु सीमा निर्धारण के लिए निर्णायक तिथि गैर-दूरस्थ क्षेत्रों के लिए आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि होगी।

**12**. विज्ञापन के हिंदी एवं अंग्रेजी संस्करण में किसी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

**13**. इस विज्ञापन तथा/अथवा इसके प्रत्युत्तर में प्राप्त किसी आवेदन से उत्पन्न किसी भी दावे या विवाद से संबंधित कोई भी विधिक कार्यवाही केवल दिल्ली में ही संस्थित की जा सकेगी तथा ऐसे किसी भी मामले/विवाद की सुनवाई हेतु केवल दिल्ली स्थित न्यायालयों/अधिकरणों/मंचों को ही विशिष्ट एवं एकाधिकार क्षेत्राधिकार प्राप्त होगा।

**14**. साक्षात्कार हेतु बुलाए गए बाह्य-स्थानीय अभ्यर्थियों को वर्तमान निवास/कार्यस्थल से देश के भीतर आने-जाने की न्यूनतम दूरी के लिए सेकेंड एसी श्रेणी का रेल किराया, रेल टिकट प्रस्तुत करने की शर्त पर, प्रदान किया जाएगा।

**टिप्पणी 1: एएनआरएफ के अधिकारी केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत आच्छादित नहीं हैं। तथापि, चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में एएनआरएफ के अधिकारियों पर एएनआरएफ के नियम लागू होंगे।**

**टिप्पणी 2: एएनआरएफ के अधिकारी आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के संपदा निदेशालय के सामान्य पूल से आवास आवंटन के पात्र नहीं होंगे। तथापि, एएनआरएफ के अधिकारी इस संबंध में एएनआरएफ के नियमों/भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार मकान किराया भत्ता प्राप्त करने के पात्र होंगे।**

***

**अनुलग्नक I**

**नियोक्ता/संगठन/कार्यालय प्रमुख/अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला प्रमाणपत्र:**

क) प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक द्वारा अपने आवेदन में दी गई जानकारी/विवरण रिकॉर्ड पर उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य और सही हैं। उनके पास विज्ञापन में उल्लिखित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव है।

ख) यह भी प्रमाणित किया जाता है कि:-

(i) अधिकारी के खिलाफ कोई सतर्कता/अनुशासनात्मक मामला या आपराधिक मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है;
(ii) पिछले 10 वर्षों के दौरान कोई बड़ी/छोटी पेनल्टी नहीं लगायी गयी है।
(iii) अधिकारी की सत्यनिष्ठा प्रमाणित की जाती है;
(iv) पिछले पांच वर्षों के उनके एसीआर/**एपीएआर** डोजियर की प्रतिलिपियाँ, जो भारत सरकार के अवर सचिव या उससे ऊपर के रैंक के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित हैं, संलग्न हैं; और
(v) कैडर नियंत्रण प्राधिकारी को विज्ञापन में उल्लिखित पद के लिए आवेदक पर विचार किए जाने से कोई आपत्ति नहीं है। चयनित होने पर उन्हें कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

स्थान:
दिनांक:

संगठन/कार्यालय प्रमुख के हस्ताक्षर कार्यालय की
नाम और पदनाम
टेलिफोन

कार्यालय की मुहर

## कार्य विवरण

## मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ)

## अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ)

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार

नियुक्ति का प्रकार: प्रतिनियुक्ति / मुक्त बाजार से संविदात्मक नियुक्ति

### 1. पद का सारांश

मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) वरिष्ठ नेतृत्व दल के एक मुख्य सदस्य के रूप में कार्य करेंगे, जो एएनआरएफ के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान और नवाचार कार्यक्रमों को वित्तपोषित करने, समर्थन देने और समन्वय स्थापित करने के मिशन के परिचालन क्रियान्वयन को आगे बढ़ाएंगे। सीओओ पूर्णतः समग्र परिचालन पर्यवेक्षण के लिए उत्तरदायी होंगे – जिसमें वित्तपोषण कार्यान्वयन, अंतः-एजेंसी समन्वय, अनुपालन, प्रशासन तथा हितधारक प्रबंधन सम्मिलित है – साथ ही भारत के वैज्ञानिक पारितंत्र के प्रति कार्यक्रम वितरण में उत्कृष्टता और त्वरित प्रतिसाद सुनिश्चित करेंगे। यह एक रणनीतिक तथा सक्रिय भूमिका है, जिसमें प्रशासनिक गहराई तथा मिशन-स्तरीय दृष्टि दोनों की आवश्यकता है। सीओओ, सीईओ तथा अन्य कार्यकारी दल के साथ नई रणनीतिक पहलों एवं मॉडलों पर साझेदारी करेंगे तथा उनके क्रियान्वयन हेतु परिचालन तंत्र विकसित करेंगे।

सीओओ एक ऐसे प्रमुख होंगे

I. जिसका अनुसंधान या नवाचार क्षेत्र में विशिष्ट अभिलेख (तथा अनुसंधान समुदाय की समझ) और प्रशासनिक या परिचालन क्षेत्र में विशिष्ट नेतृत्व अभिलेख हो।
II. जिसके पास शासन, अकादमिक, उद्योग, गैर-लाभकारी या उद्यमशील संदर्भों में नेतृत्व का विशिष्ट अनुभव हो तथा विज्ञान, प्रौद्योगिकी में बड़े पैमाने के कार्यक्रमों के प्रबंधन एवं अनुसंधान, नवाचार पहलों के समर्थन का अनुभव हो।
III. जो परिचालन उत्कृष्टता पर बल देता हो तथा शासन / सार्वजनिक क्षेत्र के परिचालन वातावरण की गहन समझ रखता हो।
IV. जिसके पास व्यावसायिक रूपांतरण को आगे बढ़ाने का ट्रैक रिकार्ड हो तथा जो सहयोग की सुदृढ़ संस्कृति का प्रबल पैरोकार हो।
V. जिसके पास अनुसंधान एवं नवाचार समुदाय, विशेषकर शैक्षणिक संस्थानों के साथ सुदृढ़ संबंधों का अच्छा अनुभव हो।

### 2. मुख्य दायित्व

- एएनआरएफ के दैनिक कार्यों में सीईओ की सहायता करना।

- परिचालन योजनाओं, बजट आवंटन एवं निधि वितरण का विकास एवं प्रबंधन करना।
- कार्यक्रम, वित्त एवं प्रशासन, मानव संसाधन तथा संबंधित बाह्य हितधारकों जैसे बहु-कार्यात्मक क्षेत्रों का नेतृत्व एवं एकीकरण करना।
- सीईओ एवं कार्यकारी समिति के साथ मिलकर रणनीतिक प्राथमिकताओं को क्रियान्वयन में परिवर्तित करना, जिसमें आंतरिक एवं बाह्य हितधारकों की सहभागिता हो।
- अनुसंधान संस्थानों, मंत्रालयों, अकादमियों एवं स्टार्ट-अप्स के साथ साझेदारी का निर्माण एवं संवर्धन करना।

**3. भर्ती का माध्यम, योग्यताएँ एवं अनुभव**

**क) प्रतिनियुक्ति**

केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान या विश्वविद्यालय या अर्द्ध-सरकारी या सांविधिक या स्वायत्त संगठन के अधिकारी,- जो वेतन मैट्रिक्स (₹144200 – 218200) के लेवल-14 या समकक्ष में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् उस ग्रेड में कम से कम तीन वर्ष की नियमित सेवा कर चुके हों।

(1) अनिवार्य योग्यताएँ:-

(क) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से अभियांत्रिकी, विज्ञान, प्रौद्योगिकी या संबद्ध विषयों में स्नातकोत्तर डिग्री धारित करते हों; तथा

(ख) उपर्युक्त खंड (क) में उल्लिखित योग्यता प्राप्त करने के पश्चात् पंद्रह वर्ष का अनुभव, जिसमें अनुसंधान प्रशासन, सरकारी कार्यक्रमों, नवाचार प्रबंधन, सार्वजनिक क्षेत्र परिचालन या मिशन-उन्मुख पहलों से संबंधित भूमिकाएँ सम्मिलित हों तथा निम्नलिखित में से एक या अधिक क्षेत्रों में विशिष्ट अनुभव रखते हों, अर्थात्:-

(i) विज्ञान, प्रौद्योगिकी या सार्वजनिक सेवा में बड़े पैमाने के कार्यक्रमों का प्रबंधन,

(ii) अनुसंधान, नवाचार या प्रौद्योगिकी-प्रेरित पहल का समर्थन, और

(iii) अंतः-एजेंसी समन्वय या सहयोगात्मक सार्वजनिक-निजी परियोजनाओं को सुगम बनाना;

(ग) सशक्त संचार एवं समन्वय कौशल, तथा सरकार, अकादमिक और उद्योग के विविध हितधारकों के साथ कार्य करने की क्षमता।

**(2) वांछनीय योग्यताएँ**

(घ) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर डिग्री धारित करते हों।

**टिप्पणी 1.-** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें इसी या किसी अन्य संगठन या केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पूर्व धारित अन्य एक्स-कैडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी सम्मिलित है, सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**टिप्पणी 2.-** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**(ख) मुक्त बाजार के माध्यम से संविदात्मक नियुक्ति**

उपर्युक्त स्तंभ के बिंदु 1 (प्रतिनियुक्ति) के अंतर्गत न आने वाले व्यक्ति के लिए मुक्त बाजार के माध्यम से संविदात्मक नियुक्ति द्वारा भर्ती के मानदंड निम्नानुसार होंगे,-

**(1) अनिवार्य योग्यताएँ**

(क) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से अभियांत्रिकी, विज्ञान, प्रौद्योगिकी या संबद्ध विषयों में स्नातकोत्तर डिग्री धारित करते हों; तथा।

(ख) उपर्युक्त खंड (क) में उल्लिखित योग्यता प्राप्त करने के पश्चात् पंद्रह वर्ष का अनुभव, जिसमें उद्योग या निजी क्षेत्र या विदेशी संस्थानों या गैर-सरकारी संगठन में अनुसंधान प्रशासन, सरकारी कार्यक्रमों, नवाचार प्रबंधन, सार्वजनिक क्षेत्र परिचालन या मिशन-उन्मुख पहलों से संबंधित भूमिकाएँ सम्मिलित हों तथा निम्नलिखित में से एक या अधिक क्षेत्रों में विशिष्ट अनुभव रखते हों, अर्थात्:-

(i) विज्ञान, प्रौद्योगिकी या सार्वजनिक सेवा में बड़े पैमाने के कार्यक्रमों का प्रबंधन।

(ii) अनुसंधान, नवाचार या प्रौद्योगिकी-प्रेरित पहल का समर्थन, और।

(iii) अंतः-एजेंसी समन्वय या सहयोगात्मक सार्वजनिक-निजी परियोजनाओं को सुगम बनाना।

(ग) सशक्त संचार एवं समन्वय कौशल, तथा सरकार, अकादमिक और उद्योग के विविध हितधारकों के साथ कार्य करने की क्षमता।

**(2) वांछनीय योग्यताएँ**

(घ) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर डिग्री धारित करते हों।

(3) कार्यकाल पदभार ग्रहण की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए होगा, तथा समय-समय पर निर्धारित शर्तों एवं नियमों के अधीन पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र होगा।

(4) उद्योग या निजी क्षेत्र या विदेशी संस्थानों या गैर-सरकारी संगठन से, या प्रतिनियुक्ति सहित अल्पकालिक के अंतर्गत न आने वाले किसी अन्य व्यक्ति को मुख्य परिचालन अधिकारी के रूप में नियुक्त किए जाने पर, वेतन मैट्रिक्स के लेवल-15 के अनुरूप देय वेतन एवं भत्ते प्रदान किए जाएंगे।

(5) मुक्त बाजार के माध्यम से संविदात्मक नियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार अट्ठावन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**4. कार्यकाल, वेतन एवं आयु-सीमा**

- कार्यकाल:
    - संविदात्मक: पदभार ग्रहण की तिथि से तीन (3) वर्ष; सरकारी मानदंडों के अनुसार पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र।

- प्रतिनियुक्ति: - प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें इसी या किसी अन्य संगठन या केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पूर्व धारित अन्य एक्स-कैडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी सम्मिलित है, सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

- वेतन एवं भत्ते: 7वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल-15 के समकक्ष।
- अधिकतम आयु-सीमा: आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार
  - प्रतिनियुक्ति: 56 वर्ष
  - संविदात्मक: 58 वर्ष

------

**कार्य विवरण**

**मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ)**

**अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ)**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार

नियुक्ति का प्रकार: प्रतिनियुक्ति

**1. पद का सारांश**

मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) एएनआरएफ के वित्तीय संरक्षक के रूप में उत्तरदायी वरिष्ठ कार्यकारी होंगे, जो उत्तरदायित्व, विनियामक अनुपालन तथा सार्वजनिक एवं परियोजना निधियों के इष्टतम उपयोग को सुनिश्चित करेंगे। कार्यकारी नेतृत्व दल के एक मुख्य सदस्य के रूप में, सीएफओ सभी वित्तीय परिचालनों का पर्यवेक्षण करेंगे, जिनमें बजट निर्माण, निधि प्रवाह प्रबंधन, लेखा परीक्षण, अनुदान वितरण, लागत नियंत्रण, प्रतिवेदन तथा विनियामक अनुपालन सम्मिलित हैं। इस भूमिका हेतु सरकारी या बाह्य वित्तपोषित कार्यक्रमों के प्रबंधन, वित्तीय प्रणालियों को परिचालन के साथ एकीकृत करने तथा एएनआरएफ के रणनीतिक लक्ष्यों का समर्थन करने में दक्षता अपेक्षित है। सीएफओ पारदर्शी एवं समयबद्ध वित्तीय निर्णय-निर्माण को सक्षम करने तथा वित्तीय प्रक्रियाओं को कार्यक्रम क्रियान्वयन के साथ समन्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

सीएफओ, सीईओ एवं सीओओ के साथ बाह्य निधि-संग्रहण के संबंध में कार्य करेंगे तथा साझेदारियों के वित्तीय पहलुओं को सक्षम करने हेतु उपयुक्त तंत्र विकसित करेंगे।

सीएफओ एक ऐसे प्रमुख होंगे

I. जिसके पास सार्वजनिक, शैक्षणिक या गैर-लाभकारी क्षेत्रों में वित्तीय प्रबंधन का गहन ज्ञान हो,
II. जिसके पास विविध वित्तपोषण माध्यमों, दाता अनुपालन एवं जोखिम न्यूनीकरण के प्रबंधन का अनुभव हो।
III. जो वित्तीय दलों में क्षमता-विकास में योगदान देगा, आधुनिक वित्तीय प्रणालियाँ लागू करेगा तथा एएनआरएफ में राजकोषीय अनुशासन एवं सत्यनिष्ठा की संस्कृति सुनिश्चित करेगा।

**2. मुख्य दायित्व**

- बजट, लेखांकन, पूर्वानुमान एवं वित्तीय प्रतिवेदन सहित सभी वित्तीय परिचालनों का पर्यवेक्षण करना।
- निधियों का समुचित उपयोग, अनुदान अनुपालन तथा प्रमुख अन्वेषकों (PIs) को समयबद्ध निधि वितरण सुनिश्चित करना।
- सुदृढ़ आंतरिक नियंत्रण प्रणाली एवं वित्तीय मानक संचालन प्रक्रियाएँ (SOPs) लागू एवं अनुरक्षित करना।

- लेखा परीक्षकों के साथ समन्वय करना तथा समयबद्ध सांविधिक एवं आंतरिक लेखा परीक्षण सुनिश्चित करना।
- वित्तीय विवरणों एवं अनुपालन दस्तावेजों की तैयारी का नेतृत्व करना।
- डेटा-आधारित निर्णय रूपरेखाओं के कार्यान्वयन का मार्गदर्शन करना।
- कार्यक्रम, प्रशासनिक दलों एवं बाह्य हितधारकों के साथ सहयोग कर वित्त को परिचालन लक्ष्यों के साथ संरेखित करना।
- वित्तीय जोखिमों की निगरानी करना तथा जोखिम न्यूनीकरण रणनीतियाँ प्रस्तावित करना।
- वित्तीय शासन सुनिश्चित करने हेतु वित्तपोषण एजेंसियों, सरकारी निकायों एवं सांविधिक प्राधिकरणों के साथ संवाद स्थापित करना।

**3. योग्यताएँ एवं अनुभव – प्रतिनियुक्ति**

केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान या विश्वविद्यालय या अर्द्ध-सरकारी या सांविधिक या स्वायत्त संगठन के अधिकारी, जो-

(क) (i) मूल कैडर या विभाग में नियमित आधार पर समकक्ष पद धारण किए हुए हों; या

(ii) वेतन मैट्रिक्स (₹131100 - 216600) के लेवल-13A या समकक्ष में जिन्होंने नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् उस ग्रेड में दो वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण की हो; या

(iii) वेतन मैट्रिक्स (₹123100 – 215900) के लेवल-13 या समकक्ष में जिन्होंने नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् उस ग्रेड में तीन वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण की हो; तथा

- **अनिवार्य योग्यताएँ:-**

(ख) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से वाणिज्य या वित्त में स्नातक डिग्री धारित करते हों; तथा

(ग) उपर्युक्त खंड (ख) में उल्लिखित योग्यता प्राप्त करने के पश्चात् वित्त, लेखा एवं प्रशासन के क्षेत्र में बारह वर्ष का अनुभव रखते हों, जिसमें वित्तीय विधियों, कराधान, लेखांकन मानकों तथा विनियामक ढाँचों का ज्ञान एवं अनुभव हो।

**वांछनीय योग्यताएँ:**

(घ) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से वित्त, लेखांकन, लोक वित्त प्रबंधन या संबद्ध विषयों में स्नातकोत्तर डिग्री धारित करते हों; तथा

**टिप्पणी 1.-** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें इसी या किसी अन्य संगठन या केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पूर्व धारित अन्य एक्स-कैडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी सम्मिलित है, सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**टिप्पणी 2.-** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**4. कार्यकाल, वेतन एवं आयु-सीमा**

• कार्यकाल:

 ○ प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें इसी या किसी अन्य संगठन या केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पूर्व धारित अन्य एक्स-कैडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी सम्मिलित है, सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

• वेतन एवं भत्ते: 7वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल-14 के समकक्ष।

• अधिकतम आयु-सीमा: आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार 56 वर्ष।

------